## बुढ़ापा और विकलांग सेवा कार्यालय

• काउंटी कमिश्नर बोर्ड द्वारा वृद्ध जनों और विकलांग लोगों के लिए योजना बनाने, समन्वय करने और/या काउंटी व्यापी कार्यक्रम और सेवाएं प्रदान करने के लिए निर्मित है।
• काउंटी में बुजुर्ग और विकलांग व्यक्तियों की मानव सेवा आवश्यकताओं को चिह्नित करके प्राथमिकता देता है और टाइटल III वृद्ध अमेरिकी अधिनियम और अन्य निधियों की डिलीवरी के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण और सेवाओं की समन्वित प्रणाली की रूपरेखा तैयार करने वाली एक क्षेत्र योजना विकसित करता है।
• काउंटी में कार्यक्रमों के लिए सूचना का एक केंद्रीय स्रोत बनाए रखता है तथा कार्यक्रमों और सेवाओं तक पहुंच को सक्षम बनाने के लिए सहायता प्रदान करता है।
• बुढ़ापे और विकलांगता के मुद्दों के बारे में जनता की समझ तथा जागरूकता बढ़ाने के लिए उपयोग की जाने वाली प्रासंगिक जानकारी का प्रसार करने वाली अग्रणी एजेंसी के रूप में कार्य करता है।
• जन सुनवाई और सामुदायिक मंचों पर बुजुर्गों और विकलांग व्यक्तियों को प्रभावित करने वाले सभी कार्यक्रमों और नीतियों की निगरानी, मूल्यांकन और उन पर टिप्पणी करके एक वकील के रूप में कार्य करता है।
• काउंटी कमिश्नर बोर्ड, बुढ़ापे संबंधी सेवाओं का न्यूजर्सी प्रभाग, और मानव सेवाओं का न्यूजर्सी विभाग, स्थानीय सरकार और सेवा प्रदाताओं को बुजुर्गों और विकलांग लोगों की पूरी न हो पाई जरूरतों के बारे में सलाह देता है और उचित कार्रवाई की सिफारिश करता है।
• वृद्ध अमेरिकी अधिनियम के अनुसार संघीय निधियों सहित मिडिलसेक्स काउंटी को और उसके द्वारा प्रदत्त निधियों और अनुबंधों को प्रशासित करता है तथा लक्ष्यों की प्राप्ति और कार्यक्रम संचालनों की प्रभावशीलता सुनिश्चित करता है।
• बुढ़ापे के मुद्दों के संबंध में प्रभाग और स्थानीय समुदायों के बीच जोड़ने वाली कड़ी के रूप में कार्य करने के लिए मानव सेवाओं के न्यूजर्सी विभाग, बुढ़ापे संबंधी सेवाओं के प्रभाग के द्वारा नामित है तथा बुढ़ापे और विकलांगता के लिए अग्रणी एजेंसी है रिसोर्स कनेक्शन – ADRC.

7/21

MIDDLESEX
COUNTY • NJ

मिडिलसेक्स काउंटी में सेवाओं और एजेंसियों की डायरेक्टरी के लिए
**732-745-3295**
या
**1-877-222-3737**
या
हमारी वेबसाइट
**www.middlesexcountynj.gov** पर जाए


मिडिलसेक्स काउंटी कमिश्नर बोर्ड

रोनाल्ड सी. रियोस, निदेशक

शांतिनारा, उपनिदेशक

क्लैरबिल ए. एज़कोना-बार्बर

चार्ल्स केनी

लेसली कॉपल

शेनेल स्कॉट मैकालम

चार्ल्स ई. टोमेरो


क्लैरबिल ए. एज़कोना-बार्बर, कमिश्नर लायजन

मिडिलसेक्स काउंटी सामुदायिक सेवा विभाग
मैगन डेवी, विभाग प्रमुख

बुढ़ापा और विकलांग सेवा कार्यालय
लैला कोने, निदेशक

www.middlesexcountynj.gov

# बुढ़ापा और विकलांग सेवा कार्यालय

# ADRC



**732-745-3295**
**1-877-222-3737**
कार्यालय समय: 8:30am-4:15pm


**75 Bayard Street, 5th Floor**
**New Brunswick, NJ 08901**


MIDDLESEX
COUNTY • NJ

## सूचना और सहायता

वृद्धजनों, विकलांगों, उनके देखभालकर्ताओं और सेवाओं तक पहुंच की ज़रूरत रखने वाले आमजनों के लिए जानकारी, सहायता, रेफरल और पैरवी उपलब्ध कराती है।

## घरेलू देखभाल और देखभाल प्रबंधन

घरेलू देखभाल यानी होम केयर सेवाओं में शामिल हो सकते हैं: सामाजिक या चिकित्सा संबंधी वयस्क डे केयर, भोजन (मील्स), घरेलू स्वास्थ्य देखभाल, व्यक्तिगत देखभाल सहायता, परिवहन, चिकित्सा उपकरण और आपूर्तियां, राहत, बाधारहित परिवर्तन, प्रिस्क्रिप्शन, व्यक्तिगत प्रतिक्रिया प्रणाली और अंतरंग-रोगी राहत।

## मेडिकेयर परामर्श

राज्य स्वास्थ्य बीमा सहायता कार्यक्रम यानी स्टेट हेल्थ इंश्योरेंस असिस्टेंस प्रोग्राम (SHIP) के अंतर्गत, स्टाफ और प्रशिक्षित स्वयंसेवी परामर्शदाता मेडिकेयर, पूरक बीमा से संबंधित प्रश्नों और मेडिकेयर बिलिंग संबंधी समस्याओं में सहायता करते हैं।

## वरिष्ठ भोजन कार्यक्रम

वृद्धजनों (60+) के लिए सोमवार से शुक्रवार तक दोपहर का भोजन काउंटी के आसपास के 8 सामूहिक स्थलों पर उपलब्ध कराता है।

सामूहिक भोजन स्थलों (कॉन्ग्रीगेट मील साइट्स) पर पोषण शिक्षा भी प्रदान की जाती है। घर में रहने वाले बुज़ुर्गों (60+) के लिए, घर तक भोजन वितरण वाला घटक है।

## संसाधन डायरेक्टरी

मिडिलसेक्स काउंटी में सेवाओं और एजेंसियों की डायरेक्टरी हेतु, हमारी मुफ्त संसाधन डायरेक्टरी की एक प्रति के लिए कॉल करें या हमारी www.middlesexcountynj.gov पर जाएं

## आयोजन (इवेंट्स)

90+ बर्थडे बैश सेलीब्रेशंस मई, वृद्ध अमेरिकी माह के दौरान 90 साल से अधिक उम्र वाले काउंटी के निवासियों को सम्मान देने के लिए आयोजित किए जाते हैं।

केयरगिवर रिट्रीट देखभालकर्ताओं और पेशेवरों के लिए एक साथ आ करके आम मुद्दों पर चर्चा करने, विचारों को साझा करने और सहायक सेवाओं के बारे में जानने का एक अवसर है।

डिसएबिलिटी कनेक्शंस विकलांगों और उनके देखभालकर्ताओं के लिए एक सूचना और संसाधन मेला है।

LGBTQ एजिंग LGBTQ वृद्धजनों के बारे में समस्याओं और चिंताओं पर ध्यान देने के लिए सालाना आयोजित किया जाने वाला एक सेमिनार है।

सीनियर सिटीज़न आर्ट कॉन्टेस्ट ज्यूरी की मौजूदगी वाली एक वार्षिक प्रतियोगिता और शो है जो वृद्धजनों की रचनात्मक प्रतिभा को बढ़ावा देता है।

सीनियर हेल्थ एंड फिटनेस वॉक व्यायाम और स्वस्थ जीवन के लाभों को बढ़ावा देने वाला समूची काउंटी भर का एक सालाना आयोजन है।

## वयस्क सुरक्षात्मक सेवाएं

वयस्क सुरक्षात्मक सेवाएं यानी एडल्ट प्रोटेक्टिव सर्विसेज (APS) की भूमिका समुदाय में रहने वाले कमजोर वयस्कों के प्रति संदिग्ध दुर्व्यवहार, उपेक्षा और उनके शोषण की रिपोर्टें प्राप्त करके उनकी जांच करना है। यदि आपको मिडिलसेक्स काउंटी में रहने वाले किसी कमजोर वयस्क के प्रति दुर्व्यवहार, उपेक्षा या उनके वित्तीय शोषण के बारे में पता है, या उस पर संदेह है, तो

## विशेष परियोजनाएं

फ़ाइल ऑफ लाइफ़ एक मुफ्त चुंबकीय रेफ्रिजरेटर पाउच है जिसमें एक स्वास्थ्य और आपातकालीन संदर्भ कार्ड होता है जो संकट की स्थिति में पुलिस, **EMT** और परिवार को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है।

प्रोजेक्ट लाइफ़सेवर एक मुफ्त रेडियो ट्रैकिंग ब्रेसलेट है जिसकी निगरानी स्थानीय पुलिस करती है और यह उन काउंटी निवासियों के लिए उपलब्ध है जिनका बीमारी या विकलांगता के कारण भटक जाने का इतिहास है।

पर्सनल मेडिकल रिकॉर्ड-**USB** चिकित्सा जानकारी को ट्रैक करके प्रसारित करने वाला एक मुफ्त उपकरण (टूल) है। यह क्रेडिट कार्ड के आकार का होता है और किसी आपातस्थिति में प्रयुक्त किए जाने वाले चिकित्सा डेटा को दर्ज करने को व्यक्तियों के लिए एक टेम्पलेट वाला यूएसबी ड्राइव रखता है।

सीनियर फ़ार्मर्स मार्केट जून और नवंबर के बीच अनुमोदित स्थानीय किसान बाज़ारों में ताज़ा फल और सब्जियां खरीदने के लिए पात्र वृद्धजनों को वाउचर प्रदान करता है।

## सामुदायिक सेवाएं

यह कार्यालय सहायता सेवाओं के लिए स्थानीय प्रदाताओं को इन क्षेत्रों में फंडिंग उपलब्ध कराता है: कानूनी सेवा, वयस्क डे केयर, टेलीफोन पुनः आश्वासन, आउटरीच, सहाययाप्राप्त परिवहन, पोषण, घरेलू स्वास्थ्य सेवाएं, देखभाल प्रबंधन, भाषाई अनुवाद, मानसिक स्वास्थ्य, सूचना और सहायता, आवासीय रखरखाव, राहत और वयस्क सुरक्षात्मक सेवाएं, शिक्षा, शारीरिक गतिविधि, शारीरिक स्वास्थ्य, परिवहन, विजिटिंग नर्स सेवा, देखभालकर्ता प्रशिक्षित स्वयंसेवी सहायता, और देखभालकर्ताओं के लिए राहत देखभाल।

प्रस्तुतियां:

इस कार्यालय के माध्यम से उपलब्ध कार्यक्रमों और सेवाओं के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए सामुदायिक समूहों या एजेंसियों को संबोधित करने के लिए वक्ता (स्पीकर्स) उपलब्ध हैं।